NEWS CLIPPING:09.10.2021

THE TRIBUNE

Haryana Governor Bandaru Dattatreya gives degree to a scholar at the convocation ceremony in Faridabad on Friday.

750 get degrees at JC Bose university

TRIBUNE NEWS SERVICE

FARIDABAD, OCTOBER 8

JC Bose University today held convocation, at which 750 students and scholars were conferred degrees.

Haryana Governor and Chancellor of JC Bose University Bandaru Dattatreya presided over the function and awarded degrees to students. Addressing the third convocation of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, he said courses should be prepared keeping in mind the youth of rural areas.

Emphasising upon the need to impart skills to the youth as per the global demands, Dattatreya called upon universities to focus on introducing skill-based short-term training courses in industrial partnership to prepare the youth ready to take advantage of the opportunities available in the job market.

The chairman of the National Board of Accreditation, Prof KK Aggarwal, was the guest of honour on the occasion.

The Chancellor also conferred honorary degrees to prominent aerospace scientist Dr G Satheesh Reddy, chairman, Defence Research and Development Organisation (DRDO); and business leader Navin Sood, chairman, Vee Gee Industries, Faridabad, and an alumnus of the university.

The Tribune Sat, 09 October 2021
https://epaper.tribuneindia.co

NEWS CLIPPING:09.10.2021

THE IMPRESSIVE TIMES

Universities to impart skills to the youth for global demand and local needs: Bandaru Dattatreya

Hirender Kumar
info@impressivetimes.com

FARIDABAD: Haryana Governor Sh. Bandaru Dattatreya today emphasized the need to impart skills to the youth as per the global demand and local needs, and said that the Universities would have to focus on introducing skill-based short-term training courses in industrial partnership so as to enable the youth ready to take the advantage of the opportunities available in the job market. He said that such courses should be prepared keeping in mind the youth of rural areas. Sh. Bandaru Dattatreya was addressing the third Convocation of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. Presiding over the Convocation as the Chancellor of the University, Sh. Dattatreya awarded the degrees, medals and certifications to the students and scholars of the University in the presence of Vice-Chancellor Prof. Dinesh Kumar. The Chairman of National Board of Accreditation Prof. K.K. Aggarwal was the guest of honour and delivered the convocation address. During the convocation, the Governor also released the Kulgeet of the University. Vice-Chancellor Prof. Dinesh Kumar delivered the welcome address and presented the Annual Report followed by the opening of the convocation ceremony by the Chancellor Sh. Bandaru Dattatreya. On this occasion, the Chancellor also conferred honorary degrees on prominent aerospace scientist Dr. G. Satheesh Reddy, Chairman of Defence Research and Development Organisation (DRDO), and successful business leader Mr. Navin Sood, the Chairman of Vee Gee Industries, Faridabad and an alumnus of YMCAIE now known as JC Bose University, as a mark of respect for their distinguished achievements. As many as 750 students and research scholars, out of 1210 qualified, who have completed their degrees in the year 2021 were conferred degrees by the Chancellor. Among them, 672 under-graduates and 494 post-graduates students and 44 research scholars were eligible degree holders. The representation of girl students in the convocation was encouraging. Out of 1166 passing out students in all the courses, there were 604 girls at undergraduate and post-graduate level. Similarly, there were 26 female researchers of 44 in PhD and out of total 44 gold medallists; there were 35 female gold medallists. Expressing pleasure over the greater representation of girls compared to boys in the convocation, Sh. Dattatreya said that it is a good sign which proves that girls are leading in every field. Encouraging the students for entrepreneurship, Sh. Dattatreya said that most of the youth passing out from higher educational institutions in the country aspires for government jobs, but the government cannot give jobs to everyone. The youth have to skill themselves so that they can make themselves employable. They have to be job creators, not job seekers. Sh. Dattatreya said that this University, which was established in the year 1969 as an Indo-German Project as a diploma institute, has contributed significantly in making the youth of the country skilled and entrepreneurs. It is a commendable step by the Haryana Government to name this institute after the great scientist Jagadish Chandra Bose. The Governor also appreciated the efforts of the University in the social concern.honorary degree, as an eminent entrepreneur and a distinguished alumnus of the University and the role model for the students. He said that the moment of any educational institution is proud when one of its students attends any function of the University as a chief guest. The students of the JC Bose University have achieved this position which reflects the high academic quality of this institution. He said that it is the responsibility of educational institutions to inculcate moral values along with education. He expressed concern that the National Board of Accreditation, which is responsible for quality assessment of technical education in the country, has not been able to accredit even only 20 per cent of the educational institutions in the country, which raises serious questions on the quality of technical education in the country. Emphasizing on the students to adopt multiple skills, Prof. Aggarwal said that in the present era, merely acquiring one skill does not guarantee employment. The youth would have to be multi-skilled. The focus should be on creativity and innovation and adoption of emerging technologies. Earlier, the Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar, in his welcome address, welcomed the guests and presented the annual report.

Governor of Haryana, Bandaru Dattatreya, J.C. Presenting degrees at the convocation ceremony of Bose University of Science and Technology, Faridabad

> **ENCOURAGING THE STUDENTS FOR ENTREPRENEURSHIP, DATTATREYA SAID THAT MOST OF THE YOUTH PASSING OUT FROM HIGHER EDUCATIONAL INSTITUTIONS IN THE COUNTRY ASPIRES FOR GOVERNMENT JOBS, BUT THE GOVERNMENT CANNOT GIVE JOBS TO EVERYONE**

NEWS CLIPPING:09.10.2021

AMAR UJALA

तकनीकी पाठ्यक्रम हिंदी में शुरू होंगे

जेसी बोस विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बोले

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू कर देश में राष्ट्र भाषा हिंदी सहित अन्य भाषाओं में शिक्षा पर जोर दिया है। इसलिए पीएचडी और तकनीकी पाठ्यक्रम को हिंदी भाषा में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हमें छात्रों को इस काबिल बनाना होगा कि उद्योगों में नौकरी पाने के लिए जाने की बजाए खुद दूसरों को नौकरी प्रदान.कर सकें।

दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते हैं, लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा जिससे वह खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सके। उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनना होगा।

यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। ऐसा 60 वर्षों में पहली बार हुआ है जब शिक्षा नीति में प्रांतीय भाषाओं में सीखने-सिखाने की पहल की गई है। इसी के अनुरूप प्रदेश में पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिंदी भाषा में शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस नीति को 2025 तक क्रियान्वित करने जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र है।



दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और अन्य। संवाद

750 छात्र-छात्राओं को प्रदान की डिग्री

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। दीक्षांत समारोह में 750 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। जिससे युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सके। समारोह में 750 विद्यार्थियों को डिग्रीयां व 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के साथ की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उपाधि, पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान किए। दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया।

वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी और उद्यमी नवीन सूद मानद उपाधि से सम्मानित

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह में राज्यपाल बंडारू ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी और फरीदाबाद के सफल उद्यमी व विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक और 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं और 44 शोधार्थी शामिल रहे।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

PUNJAB KESARI

कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यानः बंडारू दत्तात्रेय

दीक्षांत समारोह में 750 को प्रदान की डिग्री, 44 को स्वर्ण पदक

फरीदाबाद, राकेश देव (पंजाब केसरी): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए आज कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किये जाये।

- रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के उद्यमी नवीन सूद मानद उपाधि से सम्मानित

हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। श्री दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो.के.के. अग्रवाल विशिष्ट

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगीत का विमोचन करते हुए साथ है कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व विधायक राजेश नागर। (छाया :राकेश देव)

अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। इस मौके पर बडख़ल क्षेत्र की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा व विधायक राजेश नागर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही।

स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रही। दीक्षांत समारोह में लडक़ों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही है। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते है। लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा ताकि वे खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सके।

उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, अपितु नौकरी देने वाला बनना होगा। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

पंजाब केसरी Sat, 09 October 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/63685887

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:09.10.2021

AAJ SAMAJ

दीक्षांत समारोह में 750 को प्रदान की डिग्री, 44 को स्वर्ण पदक

पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिन्दी में किया जायेगा शुरू : राज्यपाल

आज समाज नेटवर्क

फरीदाबाद। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शुक्रवार को फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो केके अग्रवाल विशिष्ठ अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे।

जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को मानद उपाधि प्रदान करते हुए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय साथ में कुलपति प्रो दिनेश कुमार, एनबीए के चेयरमैन प्रो केके अग्रवाल एवं तिगांव विधायक राजेश नागर।

दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकताओं में 35 छात्राएं रही। दीक्षांत समारोह में लडकों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही है। दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

AMAR BHARTI

राज्यपाल ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को प्रदान की मानद पीएचडी

अमर भारती संवाददाता

फरीदाबाद। जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हुए एक समारोह में प्रदेश के राज्यपाल और चांसलर श्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को मानद पीएचडी की डिग्री प्रदान की। सूद इसी यूनिवर्सिटी के छात्र भी रहे हैं और उनका यहां से 50 साल का नाता है। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि लोगों को नवीन सूद के जैसा बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यहां से पास आउट होने के बाद नौकरी न करने की जगह अपना उद्योग लगाया और लोगों को रोजगार दिया। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश नागर ने कहा कि नवीन सूद से उनकी मित्रता भी है और सूद साहब हमारे शहर की शान हैं। उन्होंने 5000 लोगों को रोजगार दिया है, जो कि एक मिसाल हो सकता है। वह लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं कि वह भी नौकरी के भरोसे न रहकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएं। आज उन्हें पीएचडी की मानद डिग्री मिलना दशार्ता है कि उनके कार्य को सराहना मिली है। इस अवसर पर डिग्री प्राप्त करने वाले उद्यमी नवीन सूद ने कहा कि वाईएमसीए यूनिवर्सिटी से उनका 50 साल का नाता है। इस युनिवर्सिटी से पास होने वाले करीब 70 प्रतिशत लोग स्वरोजगार ही करते हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के 11000 एलुम्नाई का बेस है जो आगे आने वाले छात्रों को रोजगार भी देते हैं और बेहतर अवसर भी देते हैं। श्री सूद ने कहा कि डिग्री कोर्स में प्रवेश पाने वालों को अपना रोजगार का ही उद्देश्य रखना चाहिए। यह और अच्छा है कि आज की मोदी-मनोहर सरकार स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहे हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उद्यमी नवीन सूद से मिलने विश्वविद्यालय को मिलने वाले निरंतर सहयोग और उनके कार्यकलाप की प्रशंसा की।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING:09.10.2021

AMAR BHARTI

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय

अमर भारती संवाददाता

फरीदाबाद: आज जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल हरियाणा श्री बंडारू दत्तात्रेय जी और विशिष्ट अतिथि डॉ के के अग्रवाल के साथ तिगांव विधानसभा के विधायक राजेश नागर ने शिरकत की जिसमें विधायक राजेश नागर विधायक सीमा त्रिखा और कुलपति जेसी बोस यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिनेश गर्ग जी साथ में मौजूद थे और उन्होंने साथ में ही दीप प्रज्वलन किया और साथ में ही जेसी बोस यूनिवर्सिटी जब इसका नाम वाईएमसीए यूनिवर्सिटी था पुरानी समय में इनके छात्र रहे नवीन सूद को मानक उपाधि से सम्मानित भी किया

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING:09.10.2021

DAINIK BHASKAR

जेसी बोस विवि में तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित

स्टार्टअप शुरू कर देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करें: दत्तात्रेय

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की जरूरत पर बल देते हुए आज कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने पदक विजेताओं से अपील करते हुए कहा कि आप स्टार्टअप शुरू कर देश व प्रदेश को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने का प्रयास करें। दत्तात्रेय जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(वाईएमसीए) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। राज्यपाल ने डीआरडीओ के चेयरमैन एवं रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को सम्मान स्वरूप मानद उपाधि प्रदान किए। प्रो. केके अग्रवाल ने कहा कि देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार एनबीए केवल देश में 20 प्रतिशत शिक्षण संस्थानों को भी मान्यता नहीं दे पाया है।

750 विद्यार्थियों-शोधार्थियों को उपाधि व पदक दिए

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 में पास हुए कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उपाधि व पदक प्रदान किए। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में पास 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रही।

डॉ. जी सतीश रेड्डी बोले- रक्षा जरूरतों के अनुरूप हर प्रकार की मिसाइल बनाने में अपना देश सक्षम

डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने कहा कि देश की रक्षा जरूरतों के अनुरूप हर प्रकार की मिसाइल बनाने मे देश सक्षम है। आज देश रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इसके लिए कई विश्वविद्यालयों में होने वाले रिसर्च का भी सहयोग मिल रहा है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मानध उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्होंने दैनिक भास्कर से बातचीत करते हुए कहा कि देश में मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। देश की जरूरतों को देखते हुए आज विश्वविद्यालयों में अनुसंधान पर जोर देने की जरूरत है। अनुसंधान से नए-नए आविष्कार सामने आते हैं। जो देश के लिए जरूरी है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING:09.10.2021

DAINIK JAGRAN

उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे बढ़कर युवा देश की प्रगति में सहायक बनें : राज्यपाल

रक्षा विज्ञानी डा.जी.सथीश रेड्डी को डाक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

जेसी बोस यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षा समारोह के दौरान डिग्री दिखाती हुई छात्राएं● जागरण

जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षा समारोह के दौरान उद्यमी नवीन सूद को डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय(दाएं से दूसरे), साथ में वाइस चांसलर प्रो.दिनेश कुमार व विधायक राजेश नागर(बाएं से दाएं) तथा दाएं एनबीए के अध्यक्ष प्रो.केके अग्रवाल● जागरण

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उच्च शिक्षित युवाओं का आह्वान किया है कि तकनीकी रूप से पारंगत होकर उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे और देश की प्रगति में सहायक बने। राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होने वाली है, इसलिए युवाओं को इस बारे में गहराई से सोचने की आवश्यकता है। राज्यपाल जेसी बोस वाइएमसीए यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति भी हैं।

राज्यपाल ने डिग्री हासिल करने वाले युवाओं से कहा कि सरकार हर डिग्रीधारक को नौकरी नहीं दे सकती। इसलिए नौकरी मांगने की बजाय ऐसा काम करो कि नौकरी देने वालों में नाम आ जाए। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा, ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सकें। ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं। उन्होंने आगे कहा कि पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिंदी भाषा में शुरू किया जाएगा। राज्यपाल ने अपने संबोधन में इस बात पर खुशी जताई कि लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों से आगे हैं। उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल के साथ 44 छात्र उत्तीर्ण हुए है, तो इसमें 35 लड़कियां हैं और 9 लड़के हैं। पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने वाले 44 में से 26 लड़कियां हैं। इससे साबित होता है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर केके अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यूनिवर्सिटी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को डाक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की अच्छी परंपरा शुरू की है। डीआरडीओ के चेयरमैन डा. जी सथीश रेड्डी का जीवन देश के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों से भरा हुआ है। उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की जा रही है, तो यह एक तरह से यूनिवर्सिटी का ही सम्मान है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड केवल देश में 20 फीसद शिक्षण संस्थानों को ही एक्रीडेशन दे पाता है। यह देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। संस्थानों को इस बारे में सोचना होगा, साथ ही युवाओं को बहु-कौशलवान होना होगा। रचनात्मकता और नवाचार पर ध्यान देना होगा। बाद में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रो.केके अग्रवाल, विधायक राजेश नागर व वाइस चांसलर प्रो.दिनेश के साथ डा.सथीश के अलावा शहर के प्रसिद्ध उद्यमी वीजी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन नवीन सूद को डाक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया। नवीन सूद वाइएमसीए यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र भी हैं। वाइस चांसलर ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए यूनिवर्सिटी द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कुलसचिव डा.सुनील कुमार गर्ग ने सभी का धन्यवाद किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

जेसी बोस यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह में छात्रों को प्रदान की डिग्री, 35 छात्राएं और नौ छात्र गोल्ड मेडल के साथ हुए उत्तीर्ण

NEWS CLIPPING:09.10.2021

GURGAON MAIL

राज्यपाल ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को प्रदान की मानद पीएचडी

खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल

फरीदाबाद, 8 अक्तूबर। जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हुए एक समारोह में प्रदेश के राज्यपाल और चांसलर श्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को मानद पीएचडी की डिग्री प्रदान की। सूद इसी यूनिवर्सिटी के छात्र भी रहे हैं और उनका यहां से 50 साल का नाता है। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि लोगों को नवीन सूद के जैसा बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यहां से पास आउट होने के बाद नौकरी न करने की जगह अपना उद्योग लगाया और लोगों को रोजगार दिया।

इस अवसर पर विधायक श्री राजेश नागर ने कहा कि नवीन सूद से उनकी मित्रता भी है और सूद साहब हमारे शहर की शान हैं। उन्होंने 5000 लोगों को रोजगार दिया है, जो कि एक मिसाल हो सकता है। वह लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं कि वह भी नौकरी के भरोसे न रहकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएं। आज उन्हें पीएचडी की मानद डिग्री मिलना दर्शाता है कि उनके कार्य को सराहना मिली है।

इस अवसर पर डिग्री प्राप्त करने वाले उद्यमी नवीन सूद ने कहा कि वाईएमसीए यूनिवर्सिटी से उनका 50 साल का नाता है। इस युनिवर्सिटी से पास होने वाले करीब 70 प्रतिशत लोग स्वरोजगार ही करते हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के 11000 एलुम्नाई का बेस है जो आगे आने वाले छात्रों को रोजगार भी देते हैं और बेहतर अवसर भी देते हैं।

श्री सूद ने कहा कि डिग्री कोर्स में प्रवेश पाने वालों को अपना रोजगार का ही उद्देश्य रखना चाहिए। यह और अच्छा है कि आज की मोदी-मनोहर सरकार स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहे हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उद्यमी नवीन सूद से मिलने विश्वविद्यालय को मिलने वाले निरंतर सहयोग और उनके कार्यकलाप की प्रशंसा की।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

HADOTI ADHIKAR

विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यान : बंडारू दत्तात्रेय

रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी तथा उद्यमी नवीन सूद मानद उपाधि से सम्मानित : दीक्षांत समारोह में 750 को प्रदान की डिग्री, 44 को स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय में लड़कियों की उत्साहजनक भागीदारी को राज्यपाल ने सराहा

पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिन्दी भाषा में शुरू किया जायेगा: राज्यपाल

अधिकार संवाददाता

फरीदाबाद, 8 अक्टूबर। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए आज कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किये जायें।

हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज यहां जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। इस मौके पर बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा व विधायक राजेश नागर भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी. सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे।

दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रही। दीक्षांत समारोह में लड़कों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही है।

विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते है। लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा ताकि वे खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सके। उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, अपितु नौकरी देने वाला बनना होगा।

दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की भी सराहना की।

युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। ऐसा 60 वर्षों में पहली बार हुआ है जब शिक्षा नीति में प्रांतीय भाषाओं में सीखने-सिखाने की पहल की गई है। इसी के अनुरूप प्रदेश में पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिन्दी भाषा में शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस नीति को 2025 तक क्रियान्वित करने जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अगले 4-5 साल इस नीति को प्रभावी रूप से लागू करने पर ध्यान देना होगा।

विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान करने की परंपरा शुरू करने पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए प्रो. अग्रवाल ने कहा कि देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को ऊंचाईयों तक ले जाने में डॉ. जी सतीश रेड्डी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे वैज्ञानिक को मानद उपाधि से अलंकृत करना करना विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात है। इसी तरह उन्होंने मानद उपाधि से सम्मानित प्रतिष्ठित उद्यमी एवं संस्थान के पूर्व छात्र रहे नवीन सूद को भी विद्यार्थियों के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थानों के यह क्षण गौरवपूर्ण होता है, जब उसका कोई छात्र विश्वविद्यालय के किसी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो। जेसी विश्वविद्यालय के छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है जोकि इस संस्थान की उच्च कोटि की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का यह दायित्व है कि वह शिक्षा को नैतिक मूल्यों के साथ लेकर चले। उन्होंने चिंता जताई कि देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड केवल देश में 20 प्रतिशत शिक्षण संस्थानों को भी मान्यता नहीं दे पाया है जो देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

HINDUSTAN

कुलाधिपति ने रक्षा वैज्ञानिक जी सतीश रेड्डी और फरीदाबाद के उद्यमी नवीन सूद को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया

जेसी बोस विश्वविद्यालय के 750 शोधार्थियों को मिली डिग्री

दीक्षांत समारोह

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

हरियाणा के राज्यपाल एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय में आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में करीब 750 छात्र और शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की। इसके साथ ही 44 युवाओं को स्वर्णपदक देकर सम्मानित किया।

वहीं, कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी और फरीदाबाद के उद्यमी नवीन सूद को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया।

समारोह में विश्वविद्यालय के वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल 1210 पात्र छात्रों में से 750 छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें कुलाधिपति डिग्री प्रदान की। इनमें 44 युवाओं को स्वर्णपदक से सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह में छात्राओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण करीब 1166 छात्रों में करीब 604 छात्राएं भी शामिल हुई। 44 शोधर्थियों में 25 महिला शोधार्थी शामिल रही। 44 स्वर्णपदकों से 25 छात्रों ने प्राप्त किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा तैयार किए गए विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी कुलाधिपति ने विमोचन किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। इसके साथ ही कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को राज्यपाल से डिग्री लेकर खुश दिखे छात्र।

विश्वविद्यालय ने दिया शोधार्थियों को बढ़ाया

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने हमेशा से ही शोधार्थियों को बढ़ाया दिया है। इस समय विश्वविद्यालय में 50 से अधिक नए पाठ्यक्रम हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बेरोजगारी को दूर करेगी

हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने आयोजित दीक्षांत समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली साबित होगी। युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो.केके अग्रवाल ने बतौर विशिष्ट अतिथि दीक्षांत अभिभाषण दिया।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

PIONEER

औद्योगिक सहभागिता में कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यानः बंडारू

रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी और फरीदाबाद के उद्यमी नवीन सूद मानद उपाधि से सम्मानित

दीक्षांत समारोह में 750 को प्रदान की डिग्री, 44 को स्वर्ण पदक

जेसी बोस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का दीप जला कर शुभारंभ करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्व विद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं।

हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। श्री दत्तात्रेय ने विवि के कुलगीत का भी विमोचन किया। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. केके अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे और दीक्षांत अभिभाषण दिया।

इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ. जी सतीश रेड्डी और फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं और 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रहीं। दीक्षांत समारोह में लड़कों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत हैं जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही हैं।

विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान करने की परंपरा शुरू करने पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए प्रो. अग्रवाल ने कहा कि देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को ऊंचाईयों तक ले जाने में डॉ. जी सतीश रेड्डी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे वैज्ञानिक को मानद उपाधि से अलंकृत करना करना विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात है।

इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्ष की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस अवसर पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा और तिगांव के विधायक राजेश नागर भी मौजूद थे।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

PUNJAB KESARI

विश्वविद्यालयों को कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यान: बंडारू दत्तात्रेय

दीक्षांत समारोह में 750 विद्यार्थियों को प्रदान की गई डिग्री, 44 को मिला स्वर्ण पदक

फरीदाबाद, 8 अक्तूबर (सूरजमल): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए आज कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किये जाये। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जे.सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. के.के अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफ ल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए स मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। जिन्हें कुलाधिपति

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते है। लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा ताकि वे खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सकें। उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, अपितु नौकरी देने वाला बनना होगा।

दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की भी सराहना की। युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। ऐसा 60 वर्षों में पहली बार हुआ है जब शिक्षा नीति में प्रांतीय भाषाओं में सीखने-सिखाने की पहल की गई है। इसी के अनुरूप प्रदेश में पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिन्दी भाषा में शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस नीति को 2025 तक क्रियान्वित करने जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अगले 4-5 साल इस नीति को प्रभावी रूप से लागू करने पर ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को बहु-कौशलता अपनाने पर बल देते हुए प्रो. अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में केवल एक कौशल हासिल कर रोजगार की गारंटी नहीं है। युवाओं को बहु-कौशलवान होना होगा। रचनात्मकता और नवाचार पर ध्यान देना होगा और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना होगा। इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

छात्रा को डिग्री प्रदान करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

एनबीए अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय को सराहा

विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान करने की परंपरा शुरू करने पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल ने कहा कि देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को ऊंचाईयों तक ले जाने में डॉ. जी सतीश रेड्डी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे वैज्ञानिक को मानद उपाधि से अलंकृत करना करना विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात है। इसी तरह उन्होंने मानद उपाधि से सम्मानित प्रतिष्ठित उद्यमी एवं संस्थान के पूर्व छात्र रहे नवीन सूद को भी विद्यार्थियों के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थानों के वह क्षण गौरवपूर्ण होता है, जब उसका कोई छात्र विश्वविद्यालय के किसी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो। जे.सी. विश्वविद्यालय के छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है जोकि इस संस्थान की उच्च कोटि की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का यह दायित्व है कि वह शिक्षा को नैतिक मूल्यों के साथ लेकर चले। उन्होंने चिंता जताई कि देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड केवल देश में 20 प्रतिशत शिक्षण संस्थानों को भी मान्यता नहीं दे पाया है जो देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्ष की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में 50 से ज्यादा नये पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है। विगत वर्षों में विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा व तिगांव के विधायक राजेश नागर भी मौजूद थे।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

RAMPCO

विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यान : बंडारू दत्तात्रेय

उद्योग प्रबन्धक नवीन सूद को उपलब्धियों के लिए दी गई मानद उपाधि

फरीदाबाद, 8 अक्टूबर (रैपको न्यूज)। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए आज कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किये जाये।हरियाणा राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। श्री दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र श्री

नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रही। दीक्षांत समारोह में लड़कों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही है। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते है। लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा ताकि वे खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सके। उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, अपितु नौकरी देने वाला बनना होगा। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की भी सराहना की।

युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। प्राथमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। ऐसा 60 वर्षों में पहली बार हुआ है जब शिक्षा नीति में प्रांतीय भाषाओं में सीखने-सिखाने की पहल की गई है। इसी के अनुरूप प्रदेश में पीएचडी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों को हिन्दी भाषा में शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस नीति को 2025 तक क्रियान्वित करने जा रही है, जिसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अगले 4-5 साल इस नीति को प्रभावी रूप से लागू करने पर ध्यान देना होगा। विशिष्ट व्यक्तियों को मानद उपाधि प्रदान करने की परंपरा शुरू करने पर विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए प्रो. अग्रवाल ने कहा कि देश की रक्षा प्रौद्योगिकी को ऊंचाईयों तक ले जाने में डॉ. जी सतीश रेड्डी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे वैज्ञानिक को मानद उपाधि से अलंकृत करना करना विश्वविद्यालय के लिए सम्मान की बात है। इसी तरह उन्होंने मानद उपाधि से सम्मानित प्रतिष्ठित उद्यमी एवं संस्थान के पूर्व छात्र रहे नवीन सूद को भी विद्यार्थियों के लिए आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थानों के वह क्षण गौरवपूर्ण होता है, जब उसका कोई छात्र विश्वविद्यालय के किसी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो। जे.सी. विश्वविद्यालय के छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है जोकि इस संस्थान की उच्च कोटि की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों का यह दायित्व है कि वह शिक्षा को नैतिक मूल्यों के साथ लेकर चले। उन्होंने चिंता जताई कि देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड केवल देश में 20 प्रतिशत शिक्षण संस्थानों को भी मान्यता नहीं दे पाया है जो देश में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

विद्यार्थियों को बहु-कौशलता अपनाने पर बल देते हुए प्रो. अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में केवल एक कौशल हासिल कर रोजगार की गारंटी नहीं है। युवाओं को बहु-कौशलवान होना होगा। रचनात्मकता और नवाचार पर ध्यान देना होगा और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना होगा। इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्ष की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में 50 से ज्यादा नये पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है।

विगत वर्षों में विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई।समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

SATYAJAY TIMES

राज्यपाल ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को प्रदान की मानद पीएचडी

विधायक राजेश नागर ने कहा, नवीन सूद ने हजारों को दिया रोजगार

फरीदाबाद, 08 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान। जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में हुए एक समारोह में प्रदेश के राज्यपाल और चांसलर बंडारू दत्तात्रेय ने प्रसिद्ध उद्यमी नवीन सूद को मानद पीएचडी की डिग्री प्रदान की। सूद इसी यूनिवर्सिटी के छात्र भी रहे हैं और उनका यहां से 50 साल का नाता है।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि लोगों को नवीन सूद के जैसा बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यहां से पास आउट होने के बाद नौकरी न करने की जगह अपना उद्योग लगाया और लोगों को रोजगार दिया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि नवीन सूद से उनकी मित्रता भी है और सूद साहब हमारे शहर की शान हैं। उन्होंने 5000 लोगों को रोजगार दिया है, जो कि एक मिसाल हो सकता है। वह लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं कि वह भी नौकरी के भरोसे न रहकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाएं। आज उन्हें पीएचडी की मानद डिग्री मिलना दर्शाता है कि उनके कार्य को सराहना मिली है। इस अवसर पर डिग्री प्राप्त करने वाले उद्यमी नवीन सूद ने कहा कि वाईएमसीए यूनिवर्सिटी से उनका 50 साल का नाता है। इस यूनिवर्सिटी से पास होने वाले करीब 70 प्रतिशत लोग स्वरोजगार ही करते हैं।

उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के 11000 एलुम्नाई का बेस है जो आगे आने वाले छात्रों को रोजगार भी देते हैं और बेहतर अवसर भी देते हैं। सूद ने कहा कि डिग्री कोर्स में प्रवेश पाने वालों को अपना रोजगार का ही उद्देश्य रखना चाहिए।

यह और अच्छा है कि आज की मोदी-मनोहर सरकार स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा दे रहे हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उद्यमी नवीन सूद से मिलने विश्वविद्यालय को मिलने वाले निरंतर सहयोग और उनके कार्यकलाप की प्रशंसा की।

NEWS CLIPPING:09.10.2021

GURGAON MAIL

विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल पाठ्यक्रमों पर देना होगा ध्यान : बंडारू दत्तात्रेय

खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल

फरीदाबाद, 8 अक्तूबर। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को वैश्विक मांग तथा स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को औद्योगिक सहभागिता में कौशल आधारित छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को शुरू करने पर ध्यान देना होगा ताकि युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण आंचल के युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किये जाये। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शुक्रवार को फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर थे।

इस अवसर पर तिगांव के विधायक राजेश नागर, बडखल की विधायक सीमा त्रिखा आदि मौजूद थे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। श्री दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया।

इस अवसर पर कुलाधिपति ने प्रतिष्ठित रक्षा वैज्ञानिक डॉ जी सतीश रेड्डी तथा फरीदाबाद के सफल उद्यमी एवं

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र श्री नवीन सूद को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान स्वरूप मानद उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2021 में उत्तीर्ण कुल पात्र 1210 में से 750 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें कुलाधिपति द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 672 स्नातक एवं 494 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 44 शोधार्थी शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में लड़कियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण 1166 विद्यार्थियों में 604 लड़कियां रहीं। इसी तरह पीएचडी में 44 में से 26 महिला शोधार्थी रहीं तथा 44 स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं में 35 छात्राएं रहीं।

दीक्षांत समारोह में लड़कों की तुलना में लड़कियों की अधिक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने ने कहा कि यह अच्छे संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे निकल रही है। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण होकर निकलने वाले वाले अधिकतर युवा सरकारी नौकरी की चाह रखते है। लेकिन सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। युवाओं को खुद को कौशलवान बनाना होगा ताकि वे खुद को रोजगार के लिए सक्षम बना सके।

उन्हें नौकरी मांगने वाले नहीं, अपितु नौकरी देने वाला बनना होगा। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की भी सराहना की। युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है।

प्राथमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है और मातृ भाषा को महत्व दिया गया है। ऐसा 60 वर्षों में पहली बार हुआ है जब शिक्षा नीति में प्रांतीय भाषाओं में सीखने-सिखाने की पहल की गई है। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ।